मुंबई जाकर सबधाणी मिले हेमू कालानी के परिवार से...

# हेमू के नाम से आज भी कई सेवा कार्य होते हैं : कालानी

भोपाल (हिनप्र)।



**विगत दिवस विश्व सेवा संगम संस्था के युवा अध्यक्ष आनंद सबधाणी के नेतृत्व में एक टीम ने अमर शहीद हेमू कालानी के परिवार से मुलाकात की।**

हेमू कालानी के परिवार में उनकी भाभी कमला कालानी जो वर्तमान में मुंबई में निवास रहते हैं उनसे मुलाकात कर विश्व सेवा संगम संस्था के सदस्यों ने जाना किस प्रकार से इन विपरीत में भी हेमू कालानी के नाम से एक कॉलेज वर्तमान में संचालित किया जा रहा है। कालानी ने बताया कि हेमू के नाम से निःशुल्क शिक्षा के साथ ही कई सेवा के कार्य भी किए जाते हैं और मैरिज ब्यूरो भी संचालित किया जा रहा है जहाँ विवाह योग्य गरीब कन्याओं के लिए गृहस्थी का सामान भी दिया जाता है।

हेमू कालानी के परिजनों से मिलने के बाद आनंद सबधाणी ने बताया कि हेमू कालानी केवल एक नाम नहीं थे वह एक विचार थेए सोच थे और आज भी उनकी सोच कहीं ना कहीं हम सभी युवाओं के अंदर विद्यमान हैं उनके परिवार के द्वारा आज तक उन्हीं के नाम पर कई सेवा कार्य किए जा रहे हे और हम उनको इस पुण्यतिथि के अवसर पर नमन करते हैं और श्रद्धा सुमन अर्पित करते हैं।

**हेमू कालानी के शहादत दिवस पर नाटक का मंचन 22 को:** पूज्य सिंधी पंचायत शहीद हेमू कालाणी के शहादत दिवस पर 22 जनवरी नाटक का मंचन करेगी। शाम 4 बजे साहित्यकार कीरत बाबानी द्वारा लिखित सूरीय सड़ कयो अर्थात फाँसी ने बुलाया नाटक का मंचन नंदवानी ऑडिटोरियम में किया जाएगा।

पंचायत के अध्यक्ष एवं अखिल भारत सिंधी-बोलीं साहित्य सभा, दिल्ली के ज़ोनल चेयरमैन साबू रीझवानी ने बताया कि यह कार्यक्रम पंचायत एवं सभा के संयुक्त तत्वावधान में सम्पन्न किया जाएगा.कार्यक्रम संयोजक एवं पंचायत के उपाध्यक्ष जगदीश आसवानी एवं महासचिव माधु चांदवानी ने बताया कि इस देशभक्ति भरे नाटक की पूरी तैयारी कर ली गई है. लोकप्रिय नाटक निर्देशक अशोक बुलानी द्वारा रिहर्सल्स की तैयारी भी की जा रही है। इस मौके पर मुख्य अतिथि विधायक रामेश्वर शर्मा होंगे। पूर्व मंत्री पीसी

# किसानों के साथ धोखाधड़ी करने वाले आरोपियों को 7 वर्ष की जेल

**भोपाल (काप्र)।** विशेष न्यायालय (भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम)संदीप कुमार श्रीवास्तव ने आरोपी आशीष गुप्ता (धान व्यपारी) निवासी - ए 75, सत्यज्ञान नगर, छोलामंदिर, भोपाल,विनय प्रकाश पटेरिया (मण्डी सचिव) निवासी म.न. 35, कादम्बनी परिसर बागमुगालिया भोपाल, राजेश राय, निवासी 105 चौपडा मोहल्ला जिला रायसेन,रामस्वरूप राय, निवासी - ग्राम खरबई थाना उमरावगंज जिला रायसेन,महेश अग्रवाल, निवासी - मंदाकिनी शिर्डीपुरम कोलार रोड, भोपाल, सुनील गुप्ता को धान खरीदी घोटाले के आरोप में धारा 420, 120बी भादवि में प्रत्येक आरोपियों को 7-7 वर्ष का सश्रम कारावास एवं प्रत्येक को 25-25 हजार रूपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया । उक्त प्रकरण में शासन की ओर से विशेष लोक अभियोजक श्री आशीष त्यागी एवं डी के आर्य द्वारा पैरवी की गई है।

प्रकरण में अनाज मण्डी करोंद के व्यापारी आशीष गुप्ता मेसर्स सियाराम ट्रेडर्स द्वारा मण्डी क्षेत्र एवं गांव में जाकर किसानों से धान की खरीदी की एवं उनसे खरीदी गई धान का भुगतान न करते हुऐ उन्हें चेक दिये जो कि बाउंस हो गये। किसानों द्वारा भुगतान न होने की शिकायत करोंद मण्डी में तथा थाना निशातपुरा में की गई। थाना निशातपुरा द्वारा मण्डी सचिव प्रदीप मलिक की शिकायत पर अपराध क्रमांक 411/19 धारा 406, 420, में आशीष गुप्ता के विरूद्ध पंजीबद्ध कर विवेचना की गई। विवेचना के दौरान प्रकरण में अन्य आरोपीगण विनय प्रकाश पटेरिया (मण्डी सचिव), राजेश राय, रामस्वरूप राय, महेश अग्रवाल, सुनील गुप्ता, अरविंद परिहार, जीवन सिंह राजपूत, नारायण प्रसाद राजौरिया, रंजीत गौस्वामी, धमेन्द्र गुप्ता की अपराध में संलिप्ता पाये जाने से एवं शासकीय कर्मचारी द्वारा भ्रष्टाचार संबंधी साक्ष्य आने से कुल 11 आरोपियों के विरूद्ध अभियोग पत्र धारा 420, 406, 409, 120बी भादवि एवं धारा 7, 13(1)बी, 13(2) भ्र.नि.अ. एवं धारा 49 म.प्र. कृषि उपज मण्डी अधिनियम 1972 के अपराध के लिए प्रस्तुत किया गया।

उक्त प्रकरण में आरोपीगण ने किसानों के साथ छल करके कुल 5 करोड 76 लाख का घोटाला करके अपराध कारित किया था । न्यायालय ने विचारण के दौरान कुल 121 साक्षियों का परीक्षण कराया गया, जिसमें से 95 किसानों के द्वारा साक्ष्य दी गई। उपरोक्त साक्ष्य के आधार पर माननीय न्यायालय द्वारा प्रकरण के आरोपीगण आशीष गुप्ता (व्यापारी), विनय प्रकाश पटेरिया (मण्डी सचिव), राजेश राय, रामस्वरूप राय, महेश अग्रवाल, सुनील गुप्ता को दोषसिद्ध कर सजा सुनाई गई।

## मुख्यमंत्री 22 को सिंगरौली को देंगे मेडिकल कॉलेज भवन की सौगात

**भोपाल (काप्र)।** सिंगरौली जिला ताप विद्युत केन्द्रों और कोयला खनन परियोजनाओं के कारण प्रदेश का सर्वाधिक राजस्व देने वाला जिला है। सिंगरौली में मेडिकल कॉलेज की मांग लंबे समय से की जा रही थी। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने सिंगरौली में मेडिकल कॉलेज खोलने की घोषणा की थी। घोषणा के मुताबिक मुख्यमंत्री 22 जनवरी को सिंगरौली में शासकीय मेडिकल कॉलेज भवन का शिलान्यास करेंगे। मेडिकल कॉलेज भवन का निर्माण ग्राम नौगढ़ में किया जा रहा है। इसके लिए 25 एकड़ जमीन आवंटित की गई है। भवन परिसर निर्माण के लिए 248 करोड़ 27 लाख रूपए मंजूर किए गए हैं। निर्माण मेसर्स डीवी प्रोजेक्ट्स लिमिटेड द्वारा किया जा रहा है, जो 19 दिसम्बर 2024 तक पूरा होगा। मेडिकल कॉलेज बन जाने से यहाँ उपचार की व्यवस्थाएँ बेहतर होंगी। सिंगरौली ही नहीं पूरे विन्ध्य क्षेत्र के विद्यार्थियों के डॉक्टर बनने का सपना भी पूरा होगा। जनजातीय बहुल अंचल के विद्यार्थी अपने घर के समीप रह कर मेडिकल की पढ़ाई कर सकेंगे। मेडिकल कॉलेज में विद्यार्थियों को शिक्षा देने के लिए वरिष्ठ डॉक्टरों तथा अनुभवी प्राध्यापकों की नियुक्ति होगी। उनके मेडिकल ज्ञान और दक्षता का लाभ सिंगरौली जिले को मिलेगा।

# भारतीय संस्कृति की धरोहर प्रणाम पद्धति : सिद्धभाऊ

भोपाल (हिनप्र)।



**मिठी गोबिंदराम पब्लिक विद्यालय में अभिप्रेरणा सत्र का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य छात्रों में नैतिक मूल्यों का रोपण करना था, ताकि प्रत्येक छात्र समाज के प्रति संवेदनशील बनकर निरीह जीवों, दीन - दुखियों एवं प्रकृति के प्रति दायित्व बोध की भावना से सिंचित रहे।**

कार्यक्रम में संत सिद्ध भाऊजी ने भारतीय संस्कृति की धरोहर 'प्रणाम पद्धति' करने की विशिष्ट पंचांग शैली का परिचय दिय। भाऊजी ने छात्रों को दोनों हाथों से पूजनीय एवं वरिष्ठ जनों के चरणों को स्पर्श कर वंदन करना, घुटनों के बल बैठकर चरणों में झुकना, माथे को उनके चरणों में नतमस्तक करने हेतु अभिप्रेरित किया। साथ ही कहा कि अध्ययन के प्रति गंभीर रहें। अनुशासित रहकर एक व्यवस्थित टाइम-टेबल बनाएँ, सोने और उठने का समय निर्धारित करें, ध्यान और प्राणायाम को जीवन का अभिन्न अंग बनाएँ, एवं पौष्टिक आहार लें। मिनी नायर कोआर्डिनेटर ने भी अपने विचार रखे। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने सक्रिय होकर सहभागिता की और बताए गए मूल्यों को दोहराया और अपनाने का वादा किया। कार्यक्रम में विद्यालय प्राचार्या आशा चंगलानी, कोमल रामचन्दानी, सोनिया रायजादा, एवं रत्ना पाण्डे एवं अन्य शिक्षिकाएँ उपस्थित रहीं।

## तेज रफ्तार कार ने छीनी बैंक कर्मी की जिंदगी

भोपाल (काप्र)। भोपाल के हबीबगंज इलाके में बुधवार देर रात तेज रफ्तार कार बिट्?टन मार्केट के पास आरबीआई गेट से टकरा गई। हादसे में कार सवार युवती की मौत हो गई, दूसरा घायल हो गया। इसके अलावा कार सवार अन्य दो दोस्त उन्हें छोड़ कर भाग गए। राहगीरों ने पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने युवती को अस्पताल पहुंचाया, यहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। जानकारी के मुताबिक पारुल दाहिया (25) पुत्री अनिल दाहिया निवासी सतना कोलार इलाके में स्वस्तिक अपार्टमेंट में रहती थी। वह एचडीएफसी बैंक में काम करती थी। वह भोपाल में ही रहकर वर्क फ्रॉम होम कर रही थी। बुधवार देर रात दोस्तों के साथ कार से कहीं जा रही थी। कार में पारुल के साथ तीन अन्य दोस्त भी सवार थे। रात करीब 3 बजे गाड़ी अनियंत्रित होकर बिट्?टन मार्केट के आगे आरबीआई गेट से टकरा गई।घटना के बाद कार में सवार दो दोस्त निकलकर भाग गए। एक दोस्त घायल हो गया, जबकि पारुल गाड़ी में रह गई। राहगीरों ने पुलिस को सूचना दी। मौके से पहुंची पुलिस ने 108 एम्बुलेंस से अस्पताल पहुंचाया। डॉक्टरों ने पारुल को मृत घोषित कर दिया। वहीं, घायल युवक को जेके अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

# एसएचआईएम में इंफोसिस और सदरलैंड का वर्चुअल सत्र



**भोपाल (हिनप्र)। एसएचआईएम की छात्राओं के लिए नेसकॉम फ्यूचर स्किल के सहयोग से उद्योग के विशेषज्ञों के सत्र आयोजित किए, जिसमें वित्त, लेखांकन और साथ में रिज्यूमे लेखन और इंटरव्यू कौशल बताया गया। विभिन्न सत्रों के विशेषज्ञ सदरलैंड की इंद्राणी दत्ता गुप्ता और इंफोसिस की जसबीर कौर रही।**

दत्ता गुप्ता ने प्रशिक्षण की वैश्विक प्रमुख, सदरलैंड मुंबई, ने छात्राओं को प्रमुख उद्योगों, वित्त और लेखांकन सीखने के रास्ते और उनके द्वारा उपयोग किए जाने वाले विभिन्न टूल्स के बारे में बताया। उन्होंने 10 जनवरी, 2023 को आयोजित सत्र में सदरलैंड में फ्रेशर्स के लिए करियर पाथ भी बताया। कौर जी, प्रिंसिपल ने हाउ टू मेक ए किलर रिज्यूमे और हाउ टू क्रैक एन इंटरव्यू पर एक सूचनात्मक सत्र का आयोजन किया। जहां उन्होंने सीवी तैयार करते समय जिन बातों का ध्यान रखना चाहिए , फोर्मट्स और वेरियस सेक्शन के बारे में बताया। अपने दूसरे सत्र में,इंटरव्यू को कैसे क्रैक करें, पर उन्होंने इंटरव्यू से पहले की तैयारी कैसे करे और इंटरव्यू के दिन चेकलिस्ट पर चर्चा की। उन्होंने छात्राओं को नियुक्तियाँ के तथ्यों के बारे में बताया और नियुक्तियाँ करने वालों की अपेक्षाओं के बारे में भी बताया। विशेषज्ञ ने छात्राओं द्वारा पूछे गए विभिन्न सवालों के जवाब भी दिए। एसएचआईएम के 100 छात्राओं ने इन सत्रों में भाग लिया।

## पेज एक से जारी खबरों के शेष...

### भारत आज बड़े ...

पर काम कर रहे हैं। प्रदूषण से लेकर स्वच्छता तक शहरों की हर समस्या का समाधान ढूंढ़ा जा रहा है। हमारे शहरों में रेहड़ी,ठेले, पटरी पर काम करने वाले साथी जो शहर की अर्थव्यवस्था का हिस्सा हैं, उनके लिए हमने पहली बार योजना चलायी। हमने इन छोटे व्यापारियों के लिए बैंकों से सस्ता और बिना गारंटी के ऋण सुविधा सुनिश्चित की। प्रधानमंत्री ने कहा कि पीएम स्वनिधि योजना सिर्फ कर्ज देने की योजना नहीं है, बल्कि यह रेहड़ी, पटरी और ठेले वाले हमारे साथियों का आर्थिक सामर्थ्य बढ़ाने का हमारा अभियान है। उन्होंने कहा कि आज भारत में अभूतपूर्व उत्साह भरा है, छत्रपति शिवाजी महाराज से प्रेरणा लेकर स्वराज और सुराज की भावना इस डबल इंजन सरकार में मजबूती से झलक रही है। प्रधानमंत्री ने महाराष्ट्र के एक दिन के दौरे में मुम्बई में आयोजित कार्यक्रमों में कुल 38800 करोड़ रुपये की योजनाओं का उद्घाटन अथवा शिलान्यास किया। उन्होंने मुम्बई मेट्रो रेल लाइन 2ए और 7 को राष्ट्र को समर्पित किया। छत्रपति महाराज रेलवे स्टेशन के पुनर्विकास की योजना और सात सीवेज परिशोधन संयंत्रों की आधारशिला रखी। उन्होंने हिन्दूहृदयसम्राट बालासाहेब आपला दवाखाना नाम से 20 डिस्पेन्सरी का उद्घाटन किया। मुम्बई में करीब 400 किलोमीटर की सड़कों पर संक्रीट बिछाने के काम का उद्घाटन किया। उन्होंने कहा कि मुम्बई के विकास में केन्द्र, राज्य और स्थानीय निकाय के बीच समन्वय महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि डिजिटल इंडिया इस तथ्य का जीवंत उदाहरण है जब सबका प्रयास जुड़ जाए तो कोई चीज असंभव नहीं है।

### वोट बैंक की ...

की। प्रधानमंत्री ने इन क्षेत्रों में सुशासन और विकास पर जोर दिया और बताया कि यादगीर में 100 प्रतिशत बच्चों का टीकाकरण किया गया है, कुपोषित बच्चों की संख्या में काफी कमी आई है। उन्होंने कहा कि शिक्षा हो, स्वास्थ्य हो या संपर्क, यादगीर का प्रदर्शन आकांक्षी जिलों के कार्यक्रम के शीर्ष 10 में से एक रहा है। उन्होंने ने याद दिलाया कि आने वाले 25 साल देश के लिए और हर राज्य के लिए 'अमृत काल' हैं। हमें इस अमृत काल में विकसित भारत बनाना है। यह तभी हो सकता है जब हर व्यक्ति, परिवार और राज्य इस अभियान से जुड़ें। भारत का विकास तभी हो सकता है, जब किसानों और उद्यमियों का जीवन सुधरे। भारत का विकास तभी हो सकता है, जब खेतों में अच्छी फसल हो और कारखानों में उत्पादन बढ़े। इसके लिए अतीत के नकारात्मक अनुभवों और खराब नीतियों से सीखने की जरूरत होगी। प्रधानमंत्री ने 21वीं सदी के भारत के विकास के लिए जल सुरक्षा के महत्व को रेखांकित किया जो सीमा, तटीय और आंतरिक सुरक्षा के ही समान है। एक जनसभा को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि उत्तर कर्नाटक में अन्य क्षेत्रों की तरह ही क्षमता है। लेकिन पिछली सरकारों ने इलाके में बुनियादी ढांचा, पानी, सड़क और बिजली उपलब्ध कराने के बारे में सोचने की भी जहमत ही नहीं उठाई। उन्होंने उत्तर कर्नाटक क्षेत्र के तेजी से विकास की दिशा में काम करने के लिए मुख्यमंत्री बसवराज बोम्मई और टीम की सराहना की। उन्होंने कहा कि आने वाले दिनों में यह क्षेत्र विकास की ओर कदम बढ़ायेगा। उन्होंने कहा कि हमें पिछली भूलों से सीखना होगा। पिछली सरकारों ने क्षेत्र को पिछड़ा घोषित कर विकास सुनिश्चित करने से हाथ पीछे खींच लिए। उन्होंने कहा कि भारत ने संयुक्त राष्ट्र पर इस वर्ष को अंतर्राष्ट्रीय बाजरा वर्ष घोषित करने के लिए दबाव डाला है। कर्नाटक बड़ी मात्रा में रागी, ज्वार बाजरा आदि फसलें उगाता है और डबल इंजन सरकार बाजरा को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बढ़ावा देने के लिए तैयार है। उत्तरी कर्नाटक क्षेत्र कनेक्टिविटी की चुनौती का सामना करता है। सूरत-चेन्नई आर्थिक गलियारा जो देश के दो सबसे बड़े बंदरगाहों को जोड़ता है, यादगीर और पूरे क्षेत्र को लाभान्वित करने वाला है। उन्होंने कहा कि डबल इंजन की सरकार चहुंमुखी विकास सुनिश्चित करेगी। प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत को निवेश के लिए प्राथमिकता दी जाती है क्योंकि डबल इंजन सरकार विकास और बुनियादी ढांचे पर जोर दे रही है।

### उत्तर भारत में अगले...

है। वहीं, 23 जनवरी से 26 जनवरी तक पंजाब, हरियाणा, दिल्ली, उत्तरी राजस्थान और पश्चिमी उत्तर प्रदेश में हल्की से मध्यम बारिश और गरज के साथ छींटे पड़ने की संभावना है।

### खेल मंत्रालय के...

भी चाहते हैं। विनेश ने कहा कि यह कुश्ती का दुर्भाग्य होगा, अगर देश की बेटियां सामने आयेंगी और बतायेंगी कि हमारे साथ क्या हुआ था। हम प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से उम्मीद कर रहे हैं कि देश की बेटियों को इतना मजबूर न किया जाये कि हमें यह काला दिन देखना पड़े। इस बीच, विनेश ने भी बृजभूषण शरण की आलोचना करते हुए कहा कि वह क्यों छुप रहे हैं और मैं उन्हें चुनौती देती हूं कि वह आकर मुझसे बात करें। उन्होंने कहा कि मुझे कई राज्यों से फोन आ रहे हैं। और महिला पहलवान इस लड़ाई में हमारा साथ दे रही हैं। मुझे केरल और अन्य जगहों से फोन आ रहे हैं।

### बीबीसी वृत्तचित्र...

झलकती है। दंगों में एक ब्रिटिश नागरिक के मारे जाने के दावे को लेकर प्रवक्ता ने कहा कि ऐसी किसी भी घटना के लिए एक कानूनी प्रक्रिया है और उस प्रक्रिया का निश्चित रूप से पालन किया गया है।

### जैश के ...

है। वकील ने अदालत को बताया कि दोषियों ने आरोपों के लिए दोष स्वीकार किया। वकील ने कहा कि तो सवाल यह है कि यू/सीआरपीसी की अपील सजा की सीमा तक सीमित है, लेकिन क्या यू/एनआईए अधिनियम, मैं अधिक बहस कर सकता हूं, क्योंकि यह सीआरपीसी में निहित कुछ भी होने के बावजूद है। लेकिन किसी भी मामले में आजीवन कारावास था। विशेष रूप से तब दिया गया जब पश्चाताप व्यक्त किया गया था और अदालत का समय बच गया था। आजीवन कारावास की सबसे कठोर सजा राज्य के खिलाफ युद्ध छेड़ने के मामले में दी गई है, जब वास्तव में कोई हिंसा नहीं हुई थी। वकील ने कहा कि यह पहली बार के अपराधियों का एक अत्यधिक मामला हो सकता है, खासकर जब अदालत इस निष्कर्ष पर पहुंची है कि वे चलते-फिरते आंकड़े नहीं थे। एनआईए ने मार्च 2019 में प्राथमिकी दर्ज की और जांच शुरू की।

### आईटी नियमों ...

सीधा मतलब यह हुआ कि सूचना और प्रसारण मंत्रालय के प्रेस सूचना ब्यूरो को अगर कोई भी ऑनलाइन सामग्री ग़लत लगेगी तो उसे अधिकृत ढंग से हटा सकती है। उन्होंने आईटी नियम में इस तरह से किये गये बदलाव को बेहद आपत्तिजनक बताया और कहा कि यह संशोधन सोशल मीडिया की अभिव्यक्ति की आजादी पर प्रहार है और इसको तुरंत वापस लेकर सरकार को संसद के आगामी सत्र में इन नियमों पर विस्तार से चर्चा की करवानी चाहिए। प्रवक्ता ने कहा, इस नियम का सीधा आशय यह है कि जो रिपोर्ट प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की छवि के अनुकूल नहीं होगी तो उसे हटाने में अब पीआईबी की फैक्ट चेकिंग यूनिट जज बनकर काम करेगी। सरकार के आईटी ड्राफ्ट में नये नियम के जोड़ने से साफ हो गया है कि वह बेईमानी, बेरहमी और बेदर्दी से अभिव्यक्ति को कुचलने का काम कर रही है।

### धनबाद का ...

राजनीति और कोयले के कारोबार में वर्चस्व की जंग ने खूनी संघर्ष की शक्ल अख्तियार कर ली। इस संघर्ष में दोनों ओर से अब तक तकरीबन एक दर्जन से भी ज्यादा लोग मारे जा चुके हैं। दोनों घरानों के पास समर्थकों की बड़ी तादाद है। उनकी लड़ाई में बंदूकें आए दिन एक-दूसरे पर तन जाती हैं। गोली-बम-बारूद के धमाके आम बात हैं। गुरुवार को इस लड़ाई का रणक्षेत्र बनी झरिया थाना क्षेत्र की गुलगुलिया बस्ती। यहां दोनों ओर के दर्जनों समर्थक एक-दूसरे से भिड़ गए। बताया जाता है कि दो दिन पूर्व सिंह नगर भुइयां बस्ती के दर्जनों महिला-पुरुष कांग्रेस का दामन छोड़ भाजपा में शामिल हुए थे। इसके बाद से ही इलाके में तनाव व्याप्त था। इसके बाद आज सुबह सिंह मैंशन के समर्थक रामबाबु धिक्कार और रघुकुल समर्थक धनंजय यादव के लोगों ने एक-दूसरे को लक्ष्य कर बम फेंके और गोलियां चलाईं। संघर्ष में घायल हुए लोगों में तीन लोगों की हालत गंभीर बताई जा रही है। कई घायलों को इलाज के लिए धनबाद के एसएनएमएमसीएच में भी भर्ती कराया गया है। घटना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस इलाके में कैंप कर रही है। बता दें कि इन दिनों रघुकुल का वास्ता कांग्रेस से है, जबकि सिंह मैंशन घराना भाजपा की राजनीति में दखल रखता है। झरिया की कांग्रेस विधायक पूर्णिमा नीरज सिंह रघुकुल की बहू हैं, जबकि पिछले चुनाव में पराजित हुईं रागिनी सिंह भाजपा की प्रत्याशी थीं।

### सीसीआई के...

लगाई। सीसीआई ने पिछले साल अक्टूबर में आदेश पारित किया था और गूगल ने दो महीने बाद दिसंबर में अपील दायर की थी, इसलिए एनसीएलएटी ने जल्दबाजी न दिखाते हुए इस महीने की शुरुआत में अंतरिम आदेश पारित की। इसने गूगल को जुर्माना राशि का 10 प्रतिशत जमा करने का निर्देश दिया। ट्रिब्यूनल ने कहा था कि अपील दायर करने में कोई जल्दबाजी नहीं दिखाई गई, इसलिए गूगल को अंतरिम राहत के लिए दबाव बनाने की अनुमति नहीं दी जा सकती। पिछले साल अक्टूबर में सीसीआई ने एंड्रॉइड मोबाइल उपकरणों के संबंध में कई बाजारों में अपनी प्रभावपूर्ण स्थिति का दुरुपयोग करने के कारण कंपनी पर 1,337.76 करोड़ रुपये का जुर्माना लगाया था। सीसीआई ने प्ले स्टोर नीतियों के संबंध में अपनी प्रभावपूर्ण स्थिति का दुरुपयोग करने के लिए कंपनी पर 936.44 करोड़ रुपये का जुर्माना भी लगाया।

### एक लाख रुपए ...

बनाएंगी। श्री चौहान ने कहा कि विकास कार्यों तथा जन-कल्याण की गतिविधियों के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए जिला पंचायत अध्यक्ष, सांसद, विधायक, जनपद अध्यक्ष तथा सरपंच के मध्य परस्पर समन्वय आवश्यक है। राज्य में पंचायत राज संस्थाओं को अधिक सशक्त बनाने के लिए हरसंभव प्रयास किया जाएगा। जिला पंचायत अध्यक्षों के साथ हर तीन माह में संवाद की व्यवस्था स्थापित की जाएगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि जिला पंचायत अध्यक्ष संघ द्वारा उठाए गए बिन्दुओं, जिला पंचायत क्षेत्र में आने वाले विभागों में पदस्थ तृतीय और चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों के स्थानांतरण, स्वेच्छा विकास निधि, निर्माण कार्यों के अनुमोदन तथा 15वें वित्त आयोग एवं अन्य मदों की राशि में वृद्धि के संबंध में विचार कर निर्णय लिया जाएगा।

# लीजरेंट के नाम पर अवैध वसूली का आरोप

**भोपाल( काप्र )।** हाउसिंग बोर्ड अयोध्या नगर कार्यालय द्वारा बेहताशा लीजरेंट बसूली की जाकर आमजनों से लूट की जा रही है।* अयोध्या नगर निवासी लगभग 50 व्यक्तियों ने एक हस्ताक्षर युक्त ज्ञापन श्री महेंद्र सिंह उपायुक्त मध्यप्रदेश हाउसिंग बोर्ड सर्किल अयोध्या नगर एवं कार्यपालन यंत्री डिवीजन-5 अयोध्या नगर को वर्ष 2021 में दिया फिर वर्ष 2022 में भी लीजरेंट सामान्य दर पर निर्धारण हेतु आवेदन दिया गया परन्तु 2 वर्ष व्यतीत होने के बाबजूद भी उंक्त अधिकारियों ने कोई समाधान कारक कार्यवाही नही की जिससे हाउसिंग बोर्ड की बसूली बाधित हो रही हैं मण्डल की राशियों का भुगतान नही मिल रहा है साथ ही आबंटियो को बहुत भारी बोझ झेलना पड़ रहा है जिससे सभी हाउसिंग बोर्ड के आबंटी परेशान हैं यहाँ के निवासी श्री आरकेएस रघुवंशी, एम एल यादव,श्रीमती प्रेमलता पालीवाल, वीरसिंह दांगी, वी जी अब्राहम सहित सभी ने बताया कि हम लोग पिछले वर्ष 26 जनवरी को अध्यक्ष एवं आयुक्त महोदय से भी मिले थे लेकिन कोई समस्या का निराकरण नही हुआ है हम लोग पुन: 26 जनवरी 2023 को ध्वजारोहण समारोह में शामिल होंगे और अध्यक्ष/आयुक्त का घेराव करेंगे फिर भी हमारे साथ न्याय नही हुआ तो आगे चलकर हम धरना देंगे एवं प्रदर्शन कर अपनी माँग रखेंगे इसके बाद मंत्री नगरीय प्रशासन एवं फिर मुख्यमंत्री मध्यप्रदेश से गुहार करेंगे और हाउसिंग बोर्ड के लापरवाह अधिकारियों के सुस्त रवैये की शिकायत करेंगे ।

## एसटीआर से वन विहार लाई गई मादा तेंदुआ की मौत

**भोपाल (काप्र)।** भोपाल के वन विहार नेशनल पार्क में एसटीआर (सतपुड़ा टाइगर रिजर्व) से लाई गई ढाई साल की मादा तेंदुआ की मौत हो गई। उसे एक दिन पहले ही एसटीआर से पार्क में लाया गया था। बायसन ने सींगों में फंसाकर उसे पटक दिया था। इससे उसे अंदरूनी चोटें आई थीं और रीढ़ की हड्डी भी टूट गई थी। चारों पैरों में लकवा भी हो गया था। गंभीर हालत होने की वजह से उसने कुछ खाया-पीया नहीं था। वन विहार के डिप्टी डायरेक्टर एसके सिन्हा ने बताया कि तेंदुआ मंगलवार को घायल अवस्था में मिला था। इसके बाद उसका रेस्क्यू किया गया था।


**कार्यालय कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी नर्मदापुरम (म.प्र.)**

क्रमांक/69/ईएस./निर्वा./निविदा/2023 नर्मदापुरम दिनांक 16.01.2023

**निविदा**

एतद द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि जिला निर्वाचन कार्यालय (सामान्य) नर्मदापुरम में विधानसभा निर्वाचनों एवं लोकसभा निर्वाचनों में जिले की विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 136-सिवनीमालवा, 137 होशंगाबाद, 138-सोहागपुर एवं 139-पिपरिया से संबंधित गोपनीय प्रतिबंधित अभिलेख अनुउपयोगी निर्वाचक नामावली तथा अनुपयोगी फार्म पुस्तिकाएं इत्यादि कागजात (सफेद, रंगीन, खाकी व अन्य अनुपयोगी कागज) की श्रेडिंग (कतरन/टुकड़े) कर विक्रय किया जाना हैं। उक्त सभी प्रकार की रद्दी का कुल अनुमानित वजन लगभग 20 क्विंटल होगा। रद्दी कागज के व्यापारियों, हाथ से कागज और कागज से बनी वस्तुएं बनाने वाले कारीगरों, कागज मिलों के अधिकृत प्रतिनिधि जो कागज (रद्दी) क्रय करने के इच्छुक हो से सीलबंद सशर्त निविदायें आमंत्रित की जाती है, उक्त आमंत्रित निविदायें निविदाकारों से प्राप्त कर दिनांक 07.02.2023 को सायः 04:00 बजे जिला निर्वाचन कार्यालय (सामान्य) में उपस्थित निविदाकारों के समक्ष खोली जावेगी। निविदा प्रारूप, शर्तें एवं अन्य जानकारियां इस कार्यालय से अवकाश दिवस छोड़कर कार्यालयीन समय में दिनांक 6.02.2023 अपरांह 05:00 बजे तक प्राप्त किये जा सकेगें। निविदाकार निविदा प्रपत्र निर्धारित शुल्क राशि रुपये 500/- (शब्दों में पांच सौ रुपये मात्र/-) शासकीय कोष में चालान के माध्यम से शीर्ष 0070-अन्य प्रकाशनिक सेवा, 02-निर्वाचन, 800-अन्य प्राप्तियां के हेड में जमा कर चालान की मूल प्रति प्रस्तुत करने या कार्यालय में नकद जमा कर रसीद इस कार्यालय से कार्यालयीन समय में प्राप्त कर सकते है। निविदा प्रस्तुत करते समय उक्त चालान की मूल प्रति/रसीद संलग्न कर प्रस्तुत किया जाना अनिवार्य होगा।

**कलेक्टर**
**एवं जिला निर्वाचन अधिकारी जिला नर्मदापुरम**

जी-21878/22



**कार्यालय, प्राधानाचार्य एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी पं. खुशीलाल शर्मा, शासकीय (स्वशासी) आयुर्वेद महाविद्यालय एवं संस्थान,**

(साइन्स हिल्स, मैनिट के पीछे, कोलार-नेहरू नगर रोड, भोपाल 462003)

Web:www.klsgaci.edn.in E.mail:principal@klsgaci.nic.in दूरभाष क्रं. 0755-2970310

क्रमांक/क्रय/2023/757 भोपाल, दिनांक 12/01/2023

**तृतीय ई-निविदा आमंत्रण सूचना**

पं. खुशीलाल शर्मा शासकीय (स्वशासी) आयुर्वेद महाविद्यालय एवं संस्थान भोपाल द्वारा निम्नलिखित विवरण अनुसार इच्छुक फर्मों ई-निविदायें आमंत्रित की जाती हैं। इच्छुक निविदाकर्ता www.mptender.gov.in पर नियमानुसार भुगतान कर निविदा प्राप्त एवं प्रस्तुत कर सकते हैं। विवरण निम्नानुसार है :-

| क्रं. | ई-निविदा का विवरण | निविदा शुल्क (रुपयों में) | ई-निविदाओं को प्राप्त करने की अंतिम तिथि एवं समय | ई-तकनीकी निविदाओं को खोलने की तिथि एवं समय |
|---|---|---|---|---|
| 01 | पं. खुशीलाल शर्मा शासकीय स्वशासी आयुर्वेद महाविद्यालय एवं संस्थान के 150 बिस्तरीय चिकित्सालय से निकलने वाले बायोमेडीकल वेस्ट के कलेक्शन एवं निष्पादन हेतु ई-निविद | 1500.00 | 07.02.2023 दोपहर 02 बजे तक | 08.02.2023 दोपहर 02.00 बजे |

नोट :-01. निविदाओं का विस्तृत विवरण एवं नियम शर्ते संस्थान बेवसाइट पर www.klsgaci.edn.in पर उपलब्ध है। 02. निविदाओं के संबंध में किसी प्रकार के संशोधन की सूचना केवल संस्था की वेबसाइट पर ही प्रदर्शित की जावेगी।

**(डॉ. उमेश शुक्ला)**
**प्रधानाचार्य एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी**

जी-21859/22